भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.09.2023

## आरेडिका में साफ–सफाई के साथ "स्वच्छता पखवाड़ा–2023 की शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 16.09.2023 से 02.10. 2023 तक "स्वच्छता पखवाड़ा–2023" का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत दिनांक 16.09.2023 को महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए फैक्ट्री परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया और शपथ गृहण करवाया ।

स्वच्छता के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने के लिए सोशल मीडिया के– फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग कर स्वच्छता के प्रति लागों को जागरुक करने के लिए प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। आज के डिजीटल जमाने ये संसाधन जनता तक अपनी पहुँच रखतें और जन जागरण के कार्य को अतिशीघ्र संपादित करते हैं।

स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत सिविल विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से आवासीय परिसर, कॉम्पलेक्स, केन्द्रीय विद्यालय, मिनी एडमिन, सभी वर्कशॉपों में आने वाले 15 दिनों तक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएगें। जिनमें साफ–सफाई और जन जागरूकता से संबंधित कार्य–क्रम ,नुक्कड़ नाटक इत्यादि आयोजित होगें।

इस अवसर पर आरेडिका के वरिष्ठ विभागाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों ने अपने–अपने कार्य स्थल पर साफ–सफाई कर स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर रहे हैं।

18/9/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी